# माँ कितनी अच्छी होती है | By Alka Nagi

माँ कितनी अच्छी होती है माँ कितनी प्यारी होती है
मोहब्बत माँ की दुनिया से अलग और न्यारी होती है

मैं माँ की भोली सूरत पर करू क़ुर्बान दुनिया को
ना माँ होती तो ना मिलती कभी संतान दुनिया को
बराबर माँ के ना माल और ख़ज़ाने हीरे मोती हैं
माँ कितनी अच्छी होती है माँ कितनी प्यारी होती है
मोहब्बत माँ की दुनिया से अलग और न्यारी होती है

माँ ओ माँ, माँ ओ माँ ........
माँ ओ माँ, माँ ओ माँ ........

प्यार माँ अपने बच्चो को जान से ज्यादा करती है
ना बदले की रखे हसरत ना कोई वादा करती है
कलेजे पर सुला कर हाथ बालों में पिरोती है
माँ कितनी अच्छी होती है माँ कितनी प्यारी होती है
मोहब्बत माँ की दुनिया से अलग और न्यारी होती है

वो घर मंदिर से कम ना है जहाँ माँ जैसी मूरत है
सामने माँ है तो कहीं भी ना जाने की ज़रूरत है
करे रोशन जहाँ मुन्ना माँ तो बस ऐसी ज्योति है
माँ कितनी अच्छी होती है माँ कितनी प्यारी होती है
मोहब्बत माँ की दुनिया से अलग और न्यारी होती है

माँ ओ माँ, माँ ओ माँ ........
माँ ओ माँ, माँ ओ माँ ........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%95%e0%a4%bf%e0%a4%a4%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%85%e0%a4%9a%e0%a5%8d%e0%a4%9b%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-alka-nagi/